श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 90, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरुवार, 5 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# अर्नब गोस्वामी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

## भाजपा कार्यकताओं का दिल्ली, मुंबई, भोपाल में प्रदर्शन

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।** टीवी न्यूज चैनल के संपादक अर्नब गोस्वामी को मुंबई के नजदीकी जिले रायगढ़ की पुलिस ने बुधवार सुबह आठ बजे उनके मुंबई स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। उन्हें 2018 के आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। अर्नब की जमानत पर देर रात तक अलीबाग कोर्ट में सुनवाई हुई। बाद में उन्हें और दो अन्य फिरोज शेख और नितेश शारदा को14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अलीबाग मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कहा पुलिस हिरासत के लिए कोई आधार नहीं है। कोर्ट के अनुसार, आरोपित और आत्महत्या में कोई संबंध नजर नहीं आता। जज के अनुसार 2019 में बंद हो चुके इस मामले की जांच पुनः शुरू करने के लिए पुलिस ने कोर्ट की अनुमति नहीं ली। अर्नब के वकील गौरव पार्कर ने कहा कि यह हमारी बड़ी जीत है। एमसीआर (मजिस्ट्रियल कस्टडी रिमांड) पहले दिन ही दी जाती है। कोर्ट ने पुलिस हिरासत से इनकार कर दिया और मजिस्ट्रेट की हिरासत दी गई। हमने



अपनी जमानत अर्जी दाखिल की है, इसे बहस के लिए रखा गया है। यह कल तय किया जाएगा।

अर्नब को अलीबाग की कोर्ट में शाम साढ़े पांच बजे पेश किया गया। लगभग पांच घंटे चली सुनवाई के बाद भी उन्हें जमानत नहीं मिल सकी। बाद में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। समझा जा रहा है जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। कोर्ट से निकलने के बाद पुलिस वैन में जाते हुए अर्नब पुलिस हार गई, पुलिस हार गई कहते देखे गए। जबकि शाम को कोर्ट में जाते समय वह दो उंगलियों से विक्ट्री का निशान बनाकर अंदर गए थे।

वहीं मुंबई पुलिस ने बुधवार शाम को टीवी न्यूज चैनल के संपादक अर्नब गोस्वामी और उनकी पत्नी, बेटे और दो अन्य के खिलाफ एक ताजा एफआईआर दर्ज की। उन्होंने गिरफ्तार करने गए पुलिस




अधिकारियों के सामने विरोध दर्ज कराया था। भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 353, 504, 506 और 34 के तहत एफआइआर दर्ज की गई।

अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को दिल्ली और मुंबई में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। भाजपा कार्यकताओं ने गिरफ्तारी की तुलना आपातकाल से की। वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र के भाजपा कार्यकर्ता काले बिल्ले या काले कपड़े पहनेंगे, जब तक कि टेलीविजन पत्रकार अर्नब गोस्वामी को पुलिस द्वारा रिहा नहीं किया जाता है।

महाराष्ट्र के भाजपा अध्यक्ष ने रिपब्लिक टीवी के संपादक की आत्महत्या मामले में गिरफ्तारी को आपातकाल की तरह करार दिया। उन्होंने कहा कि अर्नब की रिहाई तक भाजपा कार्यकर्ता काले बैज या काले कपड़े पहनेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि मामला गोस्वामी के खिलाफ था, एक राजनीतिक स्कोर को सुलझाने के लिए फिर से खोल दिया।

भोपाल में अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और भाजपा कार्यकताओं ने टार्च रैली निकाली।

गौरतलब है कि अर्नब गोस्वामी को बुधवार सुबह महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुंबई पुलिस की एक टीम सुबह अर्नब गोस्वामी के घर पहुंची और उन्हें पुलिस वैन में बैठाकर अपने साथ ले गई। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक अर्नब गोस्वामी ने आरोप लगाया कि मुंबई पुलिस ने उनके, उनकी पत्नी, बेटे और सास-ससुर के साथ हाथापाई की। रिपब्लिक टीवी ने इस पूरे मामले पर बयान जारी कर अपना पक्ष भी रखा है। पुलिस का कहना है कि अर्नब गोस्वामी को 53 साल के एक इंटीरियर डिजाइनर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ़्तार किया गया है।

एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (एनबीए) ने अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी की निंदा की है। दोनों संगठनों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से अपील की कि उनके साथ उचित व्यवहार किया जाए और मीडिया द्वारा आलोचनात्मक रिपोर्टिंग के खिलाफ सत्ता की ताकत का इस्तेमाल न किया जाए। एनबीए ने यह भी कहा, यद्यपि एसोसिएशन अर्नब की पत्रकारिता के तरीकों से सहमत नहीं है, फिर भी वह अधिकारियों द्वारा बदले की कार्रवाई की निंदा करती है।

# मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले में बोरवेल में गिरा चार वर्षीय बच्चा, बचाव में जुटी सेना

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर थाना क्षेत्र के सैतपुरा गांव में बुधवार को चार वर्षीय मासूम बोरवेल में गिर गया। सूचना मिलने पर पहले पुलिस व प्रशासन ने बचाव कार्य शुरू किया, फिर सेना को बुलाया गया। देर रात समाचार लिखे जाने तक बच्चा करीब 200 फीट गहरे बोरवेल में फंसा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गड्ढे में पाइप से ऑक्सीजन पहुंचा रही है। सेना ने लेफ्टीनेंट कर्नल के-के गौतम के नेतृत्व में मोर्चा संभाल लिया है। घटना बुधवार को तब हुई जब किसान हरकिशन कुशवाहा स्वजनों के साथ खेत पर पांच दिन पूर्व करवाए गए नए बोरिंग में पाइप केसिंग डलवाने गए थे। साथ में चार वर्षीय पुत्र प्रह्लाद भी था। स्वजनों का ध्यान केसिंग डालने में था तभी बालक खेलते-खेलते बोर के पास चला गया। स्वजन दौड़े लेकिन जब तक वह अंदर गिर चुका था। तुरंत पुलिस को फोन लगाया। मौके पर पुलिस, प्रशासन की टीम पहुंची और खोदाई शुरू की।निवाड़ी कलेक्टर आशीष भार्गव ने मोर्चा संभाला और स्वास्थ्य विभाग को पाइप से बोरवेल में ऑक्सीजन पहुंचाने के निर्देश दिए। सूचना मिलने पर समीप स्थित सेना की बबीना छावनी से लेफ्टीनेंट कर्नल केके गौतम पहुंचे और जायजा लेने के बाद अपनी टीम को बबीना से बुलाया। पांच जेसीबी, दो एलएनटी मशीनों को खोदाई में लगाया गया है। झांसी (उत्तर प्रदेश) से नाइट विजन कैमरों की टीम को बुलाया गया, जिससे बोरवेल में कैमरा डाल कर बच्चे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऑफिशियल फेसबुक पेज पर लिखा कि ओरछा के सैतपुरा गांव में बोरवेल में गिरे मासूम प्रह्लाद को बचाने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ सेना बचाव कार्य में जुटी है। बता दें कि पृथ्वीपुर थाना क्षेत्र के सेतपुरा गांव के रहने वाला प्रहलाद कुशवाह नामक बच्चा अपने खेत में खेल रहा था। इसी बीच वो बोरवेल के पास पहुंचा। बोरवेल को ढंक कर रखा गया था। बच्चे ने ढक्कन हटा दिया और उसमें झांकने लगा। इसी बीच नीचे गिर गया। कलेक्टर आशीष भार्गव, एसपी वाहिनी सिंह मौके पर पहुंचे।

# मध्य प्रदेश में भी विदेशी पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध, दो साल की सजा का प्रावधान

**मध्य प्रदेश में भी अब चीन सहित अन्य विदेशी पटाखों की बिक्री नहीं होगी। दरअसल राज्य सरकार ने विदेशी पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। अवैध रूप से विदेशी पटाखे बेचने पर दो साल की सजा का प्रावधान किया गया है।**

**भोपाल, ब्यूरो।** मध्य प्रदेश में भी अब चीन सहित अन्य विदेशी पटाखों की बिक्री नहीं होगी। दरअसल, राज्य सरकार ने विदेशी पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। अवैध रूप से विदेशी पटाखे बेचने पर दो साल की सजा का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को मंत्रालय में कानून और व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विदेशी पटाखों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील भी की कि वे चीन में बनी सामग्री नहीं खरीदें। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्थानीय उत्पाद जैसे, मिट्टी के दीपक खरीदें, इससे स्थानीय कुम्हारों को रोजगार मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने विदेशी पटाखों, खासतौर पर चीन में बने पटाखों को प्रतिबंधित करने के लिए कहा है। प्रदेश में इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाता है। अब ना तो



विदेशी पटाखे बिकेंगे और ना ही कोई इनका भंडारण कर सकेगा। देवी-देवताओं के नाम पर पटाखे बनाना और इनके फोटो लगाना भी प्रतिबंधित किया गया है। गौरतलब है कि ओडिशा व राजस्थान ब्रिकी पर रोक की अधिसूचना जारी कर चुके हैं।

दैनिक जागरण की विदेशी पटाखों पर पाबंदी पर 'आइए! निभाएं अपना दायित्व' मुहिम पर जम्मू कश्मीर प्रशासन भी हरकत में आ गया है। मुख्य सचिव बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने विदेशी पटाखों के अवैध, अनाधिकृत आयात व बिक्री में लिप्त तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि महानिदेशक विदेश व्यापार (डीओएफएएफ) ने विदेशी पटाखों के आयात और बिक्री के लिए प्रदेश में किसी को भी लाइसेंस जारी नहीं किया है। इसलिए इनका आयात और बिक्री पूरी तरह से अवैध है।

# चीन से तनाव के बीच भारत पहुंची राफेल की दूसरी खेप

**रक्षा मंत्री ने वायु सेना को दी बधाई**

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** चीन के साथ तनाव भरे माहौल के बीच भारत को राफेल विमानों की दूसरी खेप मिल गई है। बुधवार देर शाम तीन राफेल लड़ाकू विमान फ्रांस से सीधे भारत आए। इन विमानों ने भी पिछली खेप की तरह कहीं बीच में लैंडिंग नहीं की। पहली खेप 29 जुलाई को आई थी। इन विमानों को 10 सितंबर को वायुसेना में शामिल किया गया था। दूसरी खेप में फ्रांस से तीनों राफेल विमान गुजरात के जामनगर एयरबेस पहुंचे हैं। इधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राफेल के भारत पहुंचने पर कहा कि इसके लिए भारतीय वायु सेना के सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने एक पेशेवर और



सुरक्षित तरीके से अत्यधिक जटिल मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

भारत ने फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए लगभग 59000 करोड़ रुपये का सौदा किया है। वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने गत माह कहा था कि सौदे के तहत भारत आने वाले सभी राफेल 2023 तक वायुसेना में शामिल हो जाएंगे।

भारतीय वायुसना के प्रमुख आरके एस भदौरिया ने इन विमानों के सेना में शामिल होने के समय को उपयुक्त बताया. उन्होंने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए राफेल को वायुसेना में शामिल करने का इससे उपयुक्त समय नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा कि अंबाला में राफेल को बल में शामिल करना महत्वपूर्ण, क्योंकि वायु सेना के इस अड्डे से महत्व वाले सभी क्षेत्रों में आसानी से पहुंचा जा सकेगा। एक कार्यक्रम करके राफेल विमान का औपचारिक अनावरण किया गया थी, इस कार्यक्रम मेंकेंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के उनके समकक्ष फ्लोरेंस पार्ली भी मौजूद थे। राफेल विमानों को बल के 17वें स्क्वॉड्रन में शामिल करने से पहले उन्हें पानी की बौछारों से पारंपरिक सलामी दी गई थी।

बता दें कि बिना रुके राफेल के भारत आने के लिए पहले से पुख्ता प्रबंध किए गए थे। इंधन की जरूरत पड़ने पर इन्हें हवा में ही इंधन भरने की सुविधा देने की तैयारी की गई थी। इससे पहले फ्रांस की कंपनी दासौ एविएशन से पांच राफेल विमानों का पहले बेड़े ने फ्रांस से उड़ान भरने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हाल्ट किया था। केंद्र की राजग सरकार ने 2016 में इन विमानों के लिए लगभग 60 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि इसके बाद इसकी कीमत को लेकर काफी राजनीति हुई थी। राफेल की ताकत का अंदाजा इस बात से आप लगा सकते हैं कि इसके आने पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ बिपिन रावत ने इसे गेंम चेंजर बताया था।

# सेना में सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने की तैयारी, समय से पहले रिटायरमेंट लेने पर पेंशन में कटौती का प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एएनआइ।** सेना में अफसरों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव है। डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स (डीएमए) की तरफ से शुरू किए गए सुधारों के तहत समय से पूर्व रिटायरमेंट लेने पर पेंशन में कटौती का भी प्रस्ताव किया गया है। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल बिपिन रावत के नेतृत्व में डीएमए काम करता है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि सशस्त्र बलों में सैन्यकर्मियों के अत्यधिक उपयोग के लिए ये सभी प्रस्ताव पेश किए गए हैं। इसके तहत सेना में कर्नल और वायु सेना और नौसेना में इनके समकक्ष अधिकारियों की उम्र 54 से बढ़ाकर 57 साल करने का प्रस्ताव किया गया है। ब्रिगेडियर और इनके समकक्ष अधिकारियों की उम्र 56 साल से बढ़ाकर 58 साल करने, मेजर जनरल और इनके समकक्ष अधिकारियों की उम्र 58 से बढ़ाकर 59 साल करने का प्रस्ताव रखा गया है।

लेफ्टिनेंट जनरल रैंक और इनके समकक्ष अधिकारियों की सेवानिवृत्त आयु में कोई बदलाव नहीं किया गया है, यह पहले की तरह ही 60 साल ही बनी रहेगी। लॉजिस्टिक, टेक्निकल और मेडिकल कोर में जूनियर कमिशंड ऑफिसर (जेसीओ) और जवानों की रियाटरमेंट की उम्र 57 साल करने का प्रस्ताव किया गया है। इसमें थल सेना की इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई), आर्मी सर्विस कोर (एएससी) और (आर्मी ऑर्डिनेंस कोर) एओसी इकाइयां भी शामिल होंगी। सेना में अधिकारियों को बनाए रखने के लिए समय से पहले रिटायरमेंट पर पेंशन में कटौती का प्रस्ताव किया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि 20 से 25 साल की सर्विस में 50 पर्सेंट पेंशन, 26 से 30 साल की सर्विस में 60 पर्सेंट, 31 से 35 साल की सर्विस में 75 पर्सेंट और 35 साल से ज्यादा की सर्विस में पूरी पेंशन दी जाएगी। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि शीर्ष पदों पर कम वेकेंसी होने की वजह से कई अधिकारी सेना छोड़ देते हैं। वहीं कई स्पेशलिस्ट और सुपर स्पेशलिस्ट, जो अत्यधिक कुशल कार्यो के लिए प्रशिक्षित होते हैं, वो दूसरे सेक्टर में काम करने के लिए नौकरी छोड़ देते हैं।

# मालाबार अभ्यास में भारतीय नेवी की पनडुब्बियों ने लिया हिस्सा


**नई दिल्ली, एएनआइ।** मालाबार अभ्यास के दौरान भारतीय नेवी की पनडुब्बियां रणविजय, शिवालिक, शक्ति, सुकन्या, फ्लीट सपोर्ट शिव शक्ति और सिंधुराज सबमरीन बंगाल की खाड़ी में एंटी सबमरीन वॉरफेयर में हिस्सा ले रही हैं। इसके अलावा एडवांस जेट ट्रेनर हॉक, लॉन्ग रेंज मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट पी-8 आइ, डोर्नियर मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट और कई हेलीकॉप्टर उतारे गए। उधर, अमेरिकी नौसेना ने गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर यूएसएस जॉन एस मैक्केन, ऑस्ट्रेलियाई नौसेना ने हेलीकॉप्टर के साथ लॉन्ग रेंज फ्रिगेट बालाराट और जापानी नौसेना ने हेलीकॉप्टर के साथ डेस्ट्रॉयर ओनामी के साथ प्रतिभाग किया है। मालाबार अभ्यास की शुरूआत वर्ष 1992 में भारतीय व अमेरिकी नौसेना ने हिंद महासागर में संयुक्त अभ्यास से की थी। जापान वर्ष 2015 में शामिल हुए।

चार दिनों तक चलने वाले मालाबार नौसैनिक अभ्यास के पहले चरण के दूसरे दिन क्वाड के सदस्य देशों ने आपसी सैन्य सहयोग की झलक पेश की। दूसरा चरण 17-20 नवंबर के बीच अरब सागर में शुरू होगा। अमेरिकी दूतावास ने ट्वीट किया, 'इस अभ्यास ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मजबूत रक्षा सहयोग संबंधी सदस्य देशों की प्रतिबद्धता को फिर से जाहिर किया है।' भारतीय नौसेना ने गत दिवस जारी एक बयान में कहा था कि कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए इस अभ्यास का संचालन संपर्क रहित और केवल समुद्र में किया जाएगा। भारत ने पिछले ही महीने घोषणा की थी कि इस बार मालाबार अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया भी भाग लेगा। दरअसल, क्वाड के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने टोक्यो में मुलाकात की थी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी। चीन की चिंता की वजह क्वाड यानी क्वाड्रिलेट्रल सिक्योरिटी डायलॉग में भारत, अमेरिका, जापान व ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। मालाबार नौसैनिक अभ्यास ऐसे समय में शुरू हुआ है, जब लद्दाख में सीमा को लेकर पिछले छह महीने से भारत व चीन में तनातनी जारी है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का बढ़ता सैन्य दबदबा दुनिया के प्रमुख देशों के लिए चिंता का विषय है। अमेरिका क्वाड को इस क्षेत्र में सुरक्षात्मक ढांचा प्रदान करने के पक्ष में है, ताकि चीन को रोका जा सके। पड़ोसियों के साथ बेवजह पंगा लेने वाले चीन को शांति की याद आई है। बीजिंग में मालाबार नौसैनिक अभ्यास पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा था कि 'हमें उम्मीद है कि चारों देशों का सैन्य अभ्यास क्षेत्र में शांति और स्थिरता पैदा करने वाला होगा, न कि किसी के विरोध में।'

# अब मुकदमा दायर होने के दिन से ही मिलेगा गुजारा भत्ता, सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवाद के मामलों में दिशानिर्देश तय किए

**नई दिल्ली, पीटीआइ।** सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवाद मामलों में देश की विभिन्न अदालतों द्वारा अंतरिम मुआवजे और गुजारा भत्ते की राशि के निर्धारण में एकरूपता लाने के इरादे से बुधवार को विस्तृत दिशानिर्देश तय किए। इसके मुताबिक जिस दिन मुकदमा दायर होगा उसी दिन से गुजारा भत्ते का भुगतान किया जाएगा। जस्टिस इंदु मल्होत्रा और जस्टिस आर सुभाष रेड्डी की पीठ ने कहा कि ओवरलैपिंग अधिकार क्षेत्र और परस्पर विरोधी आदेशों की समस्या से निकलने के लिए कुछ निर्देश देने की आवश्यकता थी।

शीर्ष अदालत ने ओवरलैपिंग अधिकार क्षेत्र, अंतरिम गुजारा भत्ते का भुगतान, गुजारा भत्ते की राशि निर्धारित करने का आधार, गुजारा भत्ते के



भुगतान की तारीख का निर्धारण और गुजारा भत्ते के आदेशों पर अमल जैसे बिंदुओं पर दिशानिर्देश तय किए हैं। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के एक वैवाहिक मामले में यह फैसला सुनाया। इस मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत पत्नी और बेटे के लिए गुजारा भत्ते का सवाल उठाया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकार क्षेत्र ओवरलैपिंग होने के मुद्दे पर निर्देश दिया कि अगर कोई पक्ष अलग-अलग कानून के तहत एक के बाद एक दावे करता है तो अदालत बाद की कार्यवाही में किसी प्रकार की राशि का निर्धारण करते समय पहले की कार्यवाही में निर्धारित राशि को समायोजित करेगी या इसे अलग कर देगी। शीर्ष अदालत ने कहा, 'आवेदक के लिए दूसरी कार्यवाही शुरू करते समय पहली कार्यवाही और उसमें दिए गए आदेशों की जानकारी देना अनिवार्य है। अगर पहली कार्यवाही में दिए गए आदेश में किसी प्रकार के सुधार की आवश्यकता हुई तो इसके लिए उक्त पक्ष को पहले कार्यवाही वाली अदालत में ही जाना होगा।' पीठ ने कहा कि गुजारा भत्ता के लिए जिस तारीख को आवेदन दायर किया जाएगा, उसी तारीख से गुजारा भत्ते का भुगतान करना होगा। गुजारा भत्ते की राशि का निर्धारण करते समय संबंधित अदालत इस फैसले में निर्धारित आधारों पर विचार करेगी। हालांकि, ये पहलू ही पूरे नहीं हैं और संबंधित अदालत अपने विवेकाधिकार का इस्तेमाल करते हुए किसी अन्य पहलू पर भी विचार कर सकती है, जो उसे पेश मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में प्रासंगित लगते हों। अदालत ने कहा कि यह फैसला जागरूकता पैदा करने और अमल के लिए सभी जिला अदालतों, कुटुंब अदालतों, न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालतों की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## संक्षेप समाचार

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र में अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीरावस्था में सभी को एस आर एन के लिए रेफर कर दिया। पहली घटना फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के प्रतापपुर रोड पर बीती शाम आठ बजे रात मोहम्मदा गांव निवासी लक्ष्मण 32 व अभिषेक 34 पुत्र बाबूलाल को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।

वहीं दूसरी घटना फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के चक अब्दुल करीम और पूरे भुलई गांव के सामने सुबह सात बजे पाली गांव निवासी राधेश्याम पुत्र बेचन व सुरेश चंद पुत्र ननकू को बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । ग्रामीणों की मदद से उन्हें सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर अवस्था में चिकित्सकों ने सभी को एस आर एन के लिए भेज दिया।

# शातिरों ने दो महिलाओं को बनाया निशाना, गले से जंजीर छीन कर फरार

**● दूसरे दिन चैन छिनैती की घटना होने महिलाओं में हड़कंप ● दर्जन भर से अधिक युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी**

**नैनी ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग दो स्थानों पर बुधवार को स्कूटी व बाइक सवार बदमाशों ने चैन छिनैती की घटना को जारी रखते हुए महज कुछ ही घंटों के अंदर दो महिलाओं के गले से सोने की जंजीर छीन कर फरार हो गए। लगातार बदमाशों के द्वारा घटित वारदात से महिलाओं में दहशत का माहौल कायम होता जा रहा है। वहीं बदमाशों को पकड़ने में पुलिस नाकाम है।



जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित त्रिवेणी नगर के रहने वाले राम बहादुर जो अधिवक्ता हैं। बुधवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे उनकी पत्नी निर्मला देवी घर के समीप कार्य कर रही थी। तभी एक स्कूटी पर सवार दो नकाबपोश शातिर पहुंचे और महिला के गले से जंजीर छीन कर फरार हो गए। बदमाशों की करतूत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई। इस घटना के महज पांच घंटे बाद दोपहर लगभग डेढ़ बजे पूजा मिश्रा पत्नी प्रदीप कुमार मिश्रा दोनों अधिवक्ता हैं।वह अपने ससुराल पीडीए कॉलोनी से मायका प्रयागपुरम, जेल रोड स्थित मायका रिक्शा पर बैठकर आ रही थी। जैसे ही चालक वाहन को लेकर एसबीआई बैंक के समीप प्रयागराज-मीरजापुर हाईवे के निकट लेकर पहुंचा। तभी एक काले रंग की पल्सर बाइक सवार नकाबपोश दो बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चैन छीन कर फरार हो गए। दोनों घटित घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस व एसओजी यमुनापार मौके पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे में कैद बदमाशों की फुटेज व बीडीओ को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। बता दें की नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित विश्व बैंक कालोनी (पीडीए कालोनी) के रहने वाले विक्रम प्रताप सिंह रेलवे विभाग में लोको पायलट पद पर तैनात हैं और आईजी के रिश्तेदार हैं। मंगलवार को स्कूटी सवार शातिरों विक्रम प्रताप सिंह की पत्नी सुधा सिंह के गले से सोने की जंजीर छीन कर फरार हो गए थे। इसी प्रकार नैनी कोतवाली क्षेत्र के मामा भांजा तालाब बाजार, धनुआ गांव के समीप, शंकरढाल, पीडीए कालोनी स्थित रामलीला पार्क के समीप, मलहरा रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे, सीओडी रोड के समीप, पीएसी कालोनी समेत अन्य कई स्थानों पर नैनी कोतवाली पुलिस को बाइक व स्कूटी सवार शातिरों ने खुली चुनौती देते हुए महिलाओं को निशाना बनाते हुए उनके गले से जंजीर छीन कर फरार होने जुटे हुए हैं। बताया जाता है कि दो हफ्तों के अंदर नैनी कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से शातिरों ने एक दर्जन से अधिक महिलाओं के गले से सोने की चैन छीन कर फरार हो चुके हैं। अबतक पुलिस किसी भी शातिरों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

### कई युवकों को उठाया पूछताछ जारी

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र इलाके में लगातार चैन स्नैचिंग की बढ़ती घटनाओं से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस को बदमाशों ने खुली चुनौती देते हुए दिनदहाड़े दिन के उजाले में वारदात को अंजाम देने में जुटे हुए हैं। जबकि पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी हुई है। पुलिस के साथ ही अब एसओजी टीम बदमाशों को पकड़ने के लिए मैदान में उतर चुकी है। बुधवार को महज पांच घंटे के अंदर दो चैन स्नेचिंग की घटना घटित होने से आला अफसरों के माथे पर बल आ गया और उन्होंने पुलिस के साथ ही यमुनापार एसओजी टीम को बदमाशों को पकड़ने के लिए निर्देश दिए। पुलिस व एसओजी यमुनापार की टीम ने दर्जन भर से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर नैनी कोतवाली में पूछताछ करने में जुटी हुई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस के हाथ बदमाशों तक नहीं पहुंच पाए थे।

## काली पल्सर, सफेद व नीली रंग स्कूटी पर सवार शातिरों ने मचाया हड़कंप

(सुनील गिरि)

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र इलाके में बीते लगभग एक माह के अंदर करीब डेढ़ दर्जन चैन स्नैचिंग व मोबाइल छिनैती की घटना घटित हो चुकी है। कई घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को जब खंगालना शुरू किया तो नकाबपोश शातिर काली रंग पल्सर अथवा नीले व सफेद कलर स्कूटी पर सवार बदमाश ही मिले। जिनकी उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच बताया जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे में कैद बदमाशों की करतूतों की फुटेज व वीडियो कब्जे में लेकर जांच पड़ताल का दायरा बढ़ाया, लेकिन अब तक किसी भी वारदात में घटित उक्त वाहनों पर सवार बदमाशों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इधर बीते महज कुछ दिनों के अंदर लगातार उक्त वाहनों पर सवार बदमाशों ने महिलाओं को निशाना बनाते हुए एक के बाद एक ताबड़तोड़ चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिए है। उक्त वाहनों पर सवार बदमाशों का पहनावा बड़े घरानों के युवकों के जैसी है। वह बड़ी चालाकी के साथ और पुलिस को खुली चुनौती देते हुए वारदात को अंजाम देते हुए फरार होने में जुटे हुए हैं। पुलिस लाख कोशिशों के बाद भी बदमाशों के आसपास तक भी नहीं भटक पा रही है। आशंका जताई जा रही है कि उक्त वाहनों पर सवार शातिर दूसरे जिलों से आकर यहां पर पनाह लेकर वारदात को अंजाम देने में जुटे हुए हैं। ऐसे में पुराने शातिरों को भी पुलिस की टीम तलाश शुरू कर दी है। सूत्रों पर यदि यकीन करें तो जेल में बंद शातिरों से भी बाहर मौजूद बदमाशों के बारें में जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

**स्थानीय पुलिस की टीम तो काम कर ही रही है। एसओजी को भी लगा दिया गया है और भी टीमों का गठन किया जा रहा है, क्योकि स्नैचिंग की घटनाओं को रोकना और बदमाशों को पकड़ा प्रथम वरीयता बन गई है।**

**-आईपीएस सोमेंद्र मीणा**
**सीओ करछना।**

# खुद की सुरक्षा के लिए करें यातायात नियमों का पालन

**शंकरगढ़।** यातायात नियमों का पालन करने और इससे होने वाले नफा-नुकसान अवगत कराने के लिए बुधवार को भाजपाइयों ने जागरुकता अभियान चलाया। भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती के नेतृत्व में शिवराजपुर बाजार के सभी मार्गों पर यातायात जागरूकता रैली निकालकर आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने नगरवासियों से कहा कि यातायात नियमों का पालन आपकी, अपनी जिंदगी को बचाने के साथ-साथ यातायात पुलिस की भी मदद करता है। अपनी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें। आपके यातायात नियमों का पालन करने से समाज के अन्य लोगों को भी फायदा पहुंचता है। भाजपा नेता संतोष त्रिपाठी ने भी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर जिलामंत्री शिवराम सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल, आलोक पटेल, नीरज विश्वकर्मा, सचिन विश्वकर्मा, करुणापति त्रिपाठी, सुशील पांडेय, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, बृजनरेश त्रिपाठी, रामकैलाश, पिन्टू सिंह, अनुपम सिंह, लल्ला महराज के साथ तमाम स्थानीय लोग भी शामिल हुए।




यातायाता जागरुकता रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता

### अमेरिका के राष्ट्रपति की दोबारा जीत के लिए चल रही बजरंगबली की पूजा

**प्रयागराज।** डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में दोबारा जीत के लिए भारत में प्रार्थना की जा रही है। संगमनगरी प्रयागराज में बांध स्थित बड़े हनुमान मंदिर में योगगुरु स्वामी आनंद गिरि के नेतृत्व में यज्ञकुंड में आहुतियां डाली गईं। वैदिक ब्राह्मणों के साथ हवन करके अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत के लिए हनुमानजी से कामना की गई। स्वामी आनंद गिरि ने कहा कि दुनिया से आतंकवाद का खात्मा करने व मानवता की जीत के लिए ट्रंप का जीतना जरूरी है। योगगुरु स्वामी आनंद गिरि ने कहा कि ट्रंप के जीतने से आतंकवाद और कट्टरपंथ के खिलाफ मुहिम तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही भारत और अमेरिका के रिश्तों में मजबूती आएगी। अमेरिका का साथ मिलने पर भारत का विकास तेजी से होगा। स्वामी आनंद गिरि ने इससे पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की जीत के लिए हवन अनुष्ठान किया था।

# वरिष्ठ लिपिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

**नवाबगंज।** नगर पंचायत लालगोपालगंज के एक वरिष्ठ लिपिक को यौन उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गुस्साए नगर पंचायत कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार कर कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक कृष्ण कुमार को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया जिससे गुस्साए नगर पंचायत कर्मियों ने कार्य का बहिष्कार करते हुए कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना है कि बड़े बाबू निर्दोष हैं उनको फंसाया जा रहा है। जब तक पुलिस उनको नहीं छोड़ती, तब तक हम सब कर्मी नगर पंचायत का कार्य नहीं करेंगे। आपको बता दें कि पखवाड़े भर पहले एक महिला ने यौन उत्पीड़न का मुकदमा नवाबगंज थाने में लिखवाया था। इसी क्रम में बुधवार को इस्पेक्टर नवाबगंज के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ लिपिक को गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरोध में नगर पंचायत कर्मी धरने पर बैठ कर विरोध करते रहे।




धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी

# ईशा पब्लिक स्कूल से लाखों के सोलर पैनल व आठ बैट्री चोरी

**एक महीने पहले छह लाख खर्च कर पांच एचपी का लगा था सोलर प्लांट**

**फूलपुर।** ईशा पब्लिक स्कूल बाबूगंज में चोरों ने लाखों के सोलर पैनल व बैटरी उठा ले गए। सुबह विद्यालय के प्रबंधक ने खुले पैनल देखे तो उनके होश उड़ गए। प्रबंधक ने फूलपुर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत जाफरपुर उर्फ बाबूगंज में स्थित ईशा पब्लिक स्कूल में निर्बाध ऑनलाइन क्लास के साथ छात्र छात्राओं के पठन पठान में बिजली आड़े न आये इसके लिए ईशा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विजय पाल ने अक्टूबर के शुरू में पांच हार्सपावर का सोलर प्लांट लगवाया था। मंगलवार रात चोरों ने विद्यालय की चहारदीवारी से अंदर घुसकर चैनल का ताला तोड़कर 8 बड़ी बैटरी व सोलर की 9 प्लेटों में पांच खोल ले गए। जिसकी कीमत तीन लाख से ऊपर बताई जा रही है। परिजनों ने बुधवार सुबह सोलर पैनल गायब देखे तो होश उड़ गए। जब अंदर देखा तो इन्वर्टर छोड़कर सारी बैटरी गायब थी। प्रबंधक विजय पाल ने फूलपुर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।



चोरो द्वारा चोरी किया गया सोलर पैनल व बैट्री

## गर्भवती पत्नी को पीटकर किया बेघर, रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** क्षेत्र के सच्चा बाबा नगर, अरैल की रहने वाली किरण देवी पुत्री स्वर्गीय शंकरलाल ने बुधवार को अपने पति समेत अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गाली गलौज आदि का मुकदमा पंजीकृत कराया। किरण देवी के मुताबिक 27 नवंबर 2015 को उसकी शादी दिलीप कुमार निवासी मानिकपुर, चित्रकूट, हाल पता छिवकी रेलवे कालोनी, नैनी के साथ धूमधाम से हुई थी। पीड़िता के मुताबिक उसके माता-पिता ने हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था। बावजूद इसके ससुराल वालों ने शादी के दूसरे दिन से ही उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसके पति का उसकी भाभी के साथ संबंध है। यह जानने पर जब उसने विरोध किया तो पति ने उसे पीटना शुरू कर दिया। गत 20 जनवरी 2020 को किरन देवी को उसके पति, जेठ, जेठानी अ?ादि ने मारा पीटा और मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की। उस समय किरन देवी गर्भवती थी। वह किसी तरह से जान बचाकर अपनी विधवा मां के पास चली गई। जहां चार महीने पहले उसने बेटे अनमोल को जन्म दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले उसे आज भी प्रताड़ित करते हैं। उसकी शिकायत पर पुलिस ने पति दिलीप कुमार, जेठ दिनेश कुमार, जेठानी राजकुमारी, सास जन्नो देवी, ससुर पितांबर लाल, ननद रजनी देवी व ननदोई महेश कुमार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल


**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के विकास खंड चाका मुख्यालय के समीप एक अपार्टमेंट के निकट बुधवार शाम को एक ट्रक की जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार लगभग 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए शहर स्थित अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताया जा रहा है।

## दबंगों ने जीजा को बंधक बनाकर साली के साथ किए अश्लील हरकत

**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के प्रयागराज लखनऊ हाईवे पर मंगलवार दोपहर युवती से छेड़खानी और पिटाई करने के मामले में पुलिस ने दो और अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है, आरोपित के कब्जे से लूटा गया मोबाइल भी बरामद हो गया। पुलिस का कहना है कि दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा ' आपको बता दें कि चंदरपुर बसमहुआ गांव थरवई निवासी राजबहादुर प्रजापति अपनी 19 वषीय साली को बाइक पर बैठाकर चन्दरपुर बसमहुआ गांव से धोसड़ा गांव उसके घर पहुंचाने के लिए जा रहा था। वे दोनों बाइक पर हंडिया-कोखराज हाइवे से जैसे ही डेरागदाई गांव के निकट पहुंचे तभी पीछे से बाइक सवार चार अपराधियों ने आकर रोक लिया। बदमाशों ने युवती के हाथ से मोबाइल छीनकर गालीगलौज की। रामबहादुर को पीटा और जेब से एक हजार रुपये नगद लूट लिए। उसकी साली के गले से चेन खींच ली। आरोप है कि युवती से बदसुलूकी की गई। विरोध पर उससे मारपीट की। दोनों ने शोर मचाया तो लोग भागकर आए। तब बदमाश बाइक पर फरार हो गए। खबर मिली तो थरवई पुलिस पहुंची और उच्चाधिकारियो को सूचना दी। एसपी गंगापार धवल जयसवाल और सीओ फूलपुर रामसागर थरवई थाने पर पहुंचे और भुक्तभोगी से बात की। राज बहादुर की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट, लूट और छेड़खानी का केस लिखा गया। पुलिस ने देर शाम दो लुटेरे राजकुमार यादव तथा राजू यादव को दबोच लिया।

# सतर्कतापूर्वक करें अपने दायित्वों का निर्वाहन : के पी सिंह

**फूलपुर।** अपने दायित्यों के निर्वहन सतर्कतापुर्वक करें जिससे पारदर्शिता भी बनी रहे और किसी का नुकसान भी न हो और आप का कोई नाजायज फायदा भी न उठा सके। यह बातें बुधवार को इफको में सतर्कता जागरूकता अभियान के समापन अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इफको के अधिकारियों कर्मचारियो को संबोधित करते हुए प्रयागराज परिक्षेत्र के आईजी केपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि घर से लेकर कार्यस्थल तक हर जगह सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि एस पी सतर्कता शैलेश कुमार यादव ने कहा कि किसी प्रकार का लाभ पहुंचना या लेना दोनों ही भ्रष्टाचार की श्रेणी में है। सतर्कता इसबात पर बरतनी होगी कि लाभ लेने या देने के कारक और उसके प्रकार पर सजा निर्भर करती है। इफको इकाई प्रमुख एम मसूद ने कहा कि नियमों के अनुपालन में सतर्कता बरते और संवाद को सरल बनाये। कार्यक्रम का संचालन शरद अग्निहोत्री ने किया। इस दौरान एस पी विजिलेंस शैलेश कुमार यादव, इफको दिल्ली से चीफ विजिलेंस ऑफिसर आर के नागपाल, जीके गुप्ता, अधिकारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा महामंत्री स्वयं प्रकाश, विजिलेंस अधिकारी फूलपुर डी के शर्मा, महाप्रबंधक संजय कुदेशिया, पीयूष मिश्रा, संतोष शुक्ला उप महा प्रबंधक आई टी, संतोष सिंह लेखा विभाग, ए के सिंह अग्नि एवं सुरक्षा, इफको के जनसंपर्क अधिकारी विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ अधिकारी कर्मचारी कॉन्फ्रेंसिंग में लिंक से जुड़े रहे।




कॉन्फ्रेंसिंग में लिंक से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी

### पीडीए ने दर्ज कराया धोखाधड़ी का मुकदमा

**नैनी।** क्षेत्र के मड़ौका में अवैध तरीके से प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से बुधवार को नैनी कोतवाली में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया गया है। जोनल अधिकारी आलोक पांडेय के मुताबिक इरफान हबीब पत्नी नियाजउद्दीन निवासी इंदलपुर डांडी, शबाना हबीब पत्नी अलीमुद्दीन निवासी पूराबल्दी, कीडगंज, रेहाना हबीब पत्नी सलीमुद्दीन निवासी इंदलपुर, नैनी, रिजवाना बेगम पत्नी मो. निसार निवासी मड़ौका, डांडी, नैनी व मो. तारिक पुत्र मोइनुद्दीन निवासी मड़ौका, नैनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीडीए के जोनल अधिकारी आलोक पांडेय ने बताया कि तीन नवंबर को डाक सेवक विकास पांडेय ने इस संबंध में सूचना दी थी कि मड़ौका में अवैध तरीके से बिना ले आउट पास कराए प्लाटिंग की जा रही है। जिससे प्लाट खरीददारों को आगे चलकर नक्शा पास कराने में दिक्कत होती है।

# प्रशिक्षण शिविर में निखर रहा कार्यकर्ताओं का व्यक्तित्व : विभवनाथ




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विभवनाथ भारती


**शंकरगढ़।** अगर हम देश के काम नहीं आए, तो धरा क्या कहेगी, गगन क्या कहेगा। चलो श्रम करें, देश और अपना जीवन संवारें। यह अपील करते हुए भाजपा के यमुनापार जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा कि समाज और राष्ट्र सेवा के लिए भाजपा जैसी राजनीति पार्टी से अच्छा कोई संगठन नहीं हो सकता। शंकरगढ़ मंडल के केंद्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन प्रथम वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष यमुनापार ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए आगे आने की अपील की है। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया। तीसरे वक्ता के रूप में राष्ट्रीय कार्य परिषद सदस्य विभूति नारायण सिंह ने कहा भाजपा पंच निष्ठाओं से चलता है। मोदी ऐसे नेता हैं जो जनता को प्रत्येक वर्ष अपना हिसाब देते हैं। तीसरे वक्ता के रूप में पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री अश्वनी सिंह पटेल ने कहा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने के पीछे हमारा लक्ष्य और कार्यकर्ता है। पांचवे वक्ता के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष त्रिपाठी ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं राज्य की राजनैतिक पृष्ठभूमि एवं भाजपा की भूमिका पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा भाजपा जैसे पार्टी ही राजनीति का सदुपयोग करने की प्रेरणा देती है।

# प्रयागराज हलचल



# गंगा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**प्रयागराज।** माँ गंगा को अविरल एवं निर्मल बनाने हेतु लोगो को जागरूक करने के लिए जनपद में गंगा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। बुधवार को गंगा दिवस के आयोजन के अवसर पर गंगा मैराथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। गंगा मैराथन को मुख्य वन संरक्षक, दक्षिणी क्षेत्र उ0प्र0 प्रयागराज एन रविन्द्रा द्वारा हरी झंडी दिखा कर प्रातः 7.00 बजे रवाना किया गया। गंगा मैराथन अमिताभ बच्चन स्पोर्ट काम्पलेक्स (म्योहाल) प्रयागराज से प्रारम्भ होकर सड़क मार्ग से धोबीघाट चैराहा, हीरा हलवाई चैराहा, साईं मंदिर होते हुए इन्दिरा गाँधी चैराहे तक गयी और पुनः उसी मार्ग से होते हुए वापस अमिताभ बच्चन स्पोर्ट काम्पलेक्स प्रयागराज पर वापस आकर समाप्त हुई। गंगा मैराथन में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान धीरज यादव, द्वितीय स्थान अभिषेक एवं तृतीय स्थान शिवम यादव को प्राप्त हुआ। उत्साह पूर्वक गंगा मैराथन में भाग लेने के लिए पुरुष महेश कुमार, राजेन्द्र विंद, संतोष यादव को सांत्वना



गंगा मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते संरक्षक, दक्षिणी क्षेत्र उ0प्र0 प्रयागराज एन रविन्द्रा

पुरस्कार से नवाजा गया। इसी प्रकार महिला वर्ग में सुश्री नीतू कुमारी प्रथम, सुश्री अंजू यादव द्वितीय व सुश्री शिवानी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सुश्री रिया यादव, सुश्री निधि यादव, सुश्री साक्षी कुमारी को उनके उत्साहपूर्वक गंगा मैराथन में भाग लेने के कारण सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। कार्यकम में ब्रह्मदेव त्रिपाठी, विशेष सचिव 'वन' उ0प्र0 लखनऊ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम बी0आर0 अहिरवार वन संरक्षक, प्रयागराज वृत्त, प्रयागराज के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। क्षेत्रीय कीडा अधिकारी श्री अनिल तिवारी के सराहनीय प्रयासों से कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र, गंगा विचार मंच, एवं सिविल डिफेन्स के वालंटियर्स तथा भारी मात्रा में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। धावकों को जन सामान्य द्वारा मार्ग में स्थान-स्थान उत्साह वर्धन किया गया। विजयी धावकों को प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज वाई0पी0 शुक्ला ने हार्दिक बधाई दी तथा समस्त प्रतिभागियों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, यातायात पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मार्ग में किये गये व्यवस्था के प्रति सभी ने

## गंगा मैराथन में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान धीरज यादव व महिला वर्ग में सुश्री नीतू कुमारी रही प्रथम




गंगा मैराथन विजेताओं के साथ अतिथिगण

अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त किया तथा कुशल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। गंगा मैराथन के अतिरिक्त नगर निगम, वन विभाग एवं माँ गंगा सफाई अभियान, प्रयागराज के प्रयासों से फाफामऊ गंगा घाट की सफाई की गयी तथा संगम के नजदीक नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान प्रयागराज द्वारा गंगा को पावन रहने दो नाट्य प्रस्तुति की गयी तथा नेहरू युवा केन्द्र द्वारा चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## प्रयागराज में फिल्म सिटी बनाने को लेकर बैठक

**प्रयागराज।** अभी नही, तो फिर कभी नही, प्रयागराज में फिल्म सिटी या उसकी एनेक्सी बनाने हेतु, शिक्षा विभाग का बंद पड़ा स्टूडियो चालू करने के लिए "अभियान अस्मिता का" 'अभियान विरासत के मान का" के तहत प्रयागराज के सभी रंगकर्मी, रचनाकार बुद्धिजीवी नाटककार, फिल्म और तकनीक से जुड़े लोगों के अलावा इस मिट्टी से लगाव और प्यार रखने वाले लोगों की एक बैठक आगामी 6 नवंबर 2020 दिन शुक्रवार को अपराह्न 4:00 बजे आहूत की गयी है। इसकी अध्यक्षता प्रोफेसर हेरम्ब चतुर्वेदी करेंगे। कार्यक्रम आयोजक डॉ प्रमोद शुक्ला ने बताया कि इस बैठक में उक्त दो मांग को लेकर रणनीति बनेगी कि कैसे प्रयागराज की प्रतिष्ठा, रोजगार देने वाले इस कार्य को शुरू किया जा सके।कार्यक्रम में समय से पहुंचकर समान विचारधारा वाले इस मंच को ज्वाइन कर अपनी राय दे सकते हैं। बैठक, महालक्ष्मी अपार्टमेंट भारत भाग्य विधाता सभागार आयकर भवन के बगल सिविल लाइंस प्रयागराज में होगी। उक्त जानकारी समाजसेवी एवं कल्चरल एक्टिविस्ट नाजिम अंसारी ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दिया।




तीन दिवसीय गंगा उत्सव मनाते हुए

## नेहरू युवा केंद्र ने मनाया तीन दिवसीय गंगा उत्सव

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवं नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा दूत व स्पीयर हेड दुकान जी ने तीन दिवसीय गंगा उत्सव को पूरे उत्साह के साथ मनाया। यह कार्यक्रम जिला युवा समन्वयक जागृति पांडे व जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ। जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य ही था कि लोग गंगा की निर्मलता के प्रति जागरुक हो और इसे प्रदूषण मुक्त करने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। नेहरु युवा केंद्र प्रयागराज की डीपीओ व नमामि गंगे टीम मेंबर दुकान जी के द्वारा डिजिटल गंगा उत्सव में प्रतिभाग करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम किया गया। साथ ही विभिन्न गंगा ग्रामों में गंगा दूतो ने सफाई अभियान चला कर गंगा दिवस को धूमधाम से मनाया।

## सुहागिनों ने किया विधि विधान से पूजा अर्चना

**जारी।** प्रयागराज क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में अखंड सौभाग्य के लिए बुधवार को सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत इसके लिए उन्होंने जमकर तैयारी की है धार्मिक मान्यता के अनुसार करवा चौथ के दिन इस दिन मां पार्वती भगवान शिव कार्तिकेय और गणेश जी का पूजन किया जाता है इस व्रत में मां पार्वती से सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं इस दिन करवे में जल भरकर कथा सुनने का विधान है महिलाएं सुबह सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जल व्रत रखती हैं और चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोलती हैं।

करवा चौथ पर महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं और रात के समय चंद्र दर्शन के बाद ही व्रत खोलती हैं. करवा चौथ में चंद्र देव की आराधना का महत्व विशेष होता है. शास्त्रों के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि अगर चंद्र देव की उपासना की जाए तो इससे दीर्घ



आयु और पति-पत्नी के बीच प्रेम में बढ़ोतरी होती है.कोरे करवा में जल भरकर करवा चौथ व्रत कथा कहां गया मां पार्वती को श्रृंगार सामग्री चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई उसके बाद मां पार्वती भगवान गणेश और शिव की अराधना किया गया महिलाएं पति के हाथ से पानी पीकर या निवाला खाकर अपना व्रत खोलें. पूजन के बाद सास- ससुर और घर के बड़ों का आशीर्वाद लिया।

## नैनी सेंट्रल जेल में बंद 16 महिलाओं ने करवा चौथ का रखा था व्रत

**5 महिलाओं के पति भी जेल में, प्रशासन ने श्रृंगार का कराया इंतजाम**

**प्रयागराज।** नैनी जेल में बंद महिलाओं के लिए जेल प्रशासन ने करवा चौथ व्रत पर विशेष प्रबंधन किया। सामाजिक संगठनों की मदद से श्रृंगार के सामान का इंतजाम किया। शाम ढलने के बाद वीडियो कॉल करके उनके पति का दर्शन कराया। इस खास पर्व पर जेल कर्मियों एवं सभी महिलाओं के लिए खीर पूड़ी का भी इंतजाम किया गया।

नैनी जेल में 175 महिलाएं विभिन्न आरोपों में बंद हैं। बुधवार को 16 महिलाएं करवा चौथ पर व्रत रहीं। इनमें 5 महिलाएं ऐसी थीं जिनके पति उसी नैनी जेल में बंद हैं और अलग बैरक में रहते हैं। वैसे तो जेल प्रशासन पति पत्नियों को मिलने का आदेश दे सकते हैं, लेकिन कोविड-19 के खतरे को देखते हुए वर्तमान समय में किसी भी कैदी या बंदी को किसी से भी मिलने नहीं दिया जा रहा है। करवा चौथ व्रत को देखते हुए नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीएन पांडे ने बुधवार को विशेष इंतजाम कराया। उन्होंने बताया कि सामाजिक संगठनों की मदद से व्रती महिलाओं के श्रृंगार व पूजा-पाठ के सामान का इंतजाम कराया गया। वैसे रोज शाम को जेल की बैरक बंद हो जाती हैं लेकिन व्रत को देखते हुए रात 8:00 बजे तक इसे खोला गया ताकि व्रती महिलाएं चांद देखकर अपना व्रत पूरा कर सकें। इसके साथ ही जेल में बंद 5 महिलाओं को विशेष सुविधा मिली जिनके पति नैनी जेल में ही बंद थे। जेल प्रशासन ने वीडियो कॉल करके महिलाओं को पतियों का दर्शन कराया।

## केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में बुधवार को महाप्रबंधक यशपाल सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई ।

महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में परियोजनाओं में हो रहे हिंदी प्रचार.प्रसार के अच्छे कार्यों की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि हिंदी को नई तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता है अतरू सभी लोग नई तकनीक से जुड़कर हिंदी का प्रयोग-प्रसार बढ़ाएं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों एवं परियोजना निदेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों/परियोजनाओं में यह सुनिश्चित कर लें कि उनके कार्यालय में हिंदी का प्रयोग रिपोर्टों में दर्शाए गए आंकड़ों के अनुरूप हो रहा है । इससे पहले मुख्य राजभाषा




राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रक ''विद्युत प्रभा'' का विमोचन करते महाप्रबंधक

अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर सुरेश कुमार ने अध्यक्ष महाप्रबंधक सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का काफी प्रयोग हो रहा है फिर भी धारा 3 ;3द्ध के अनुपालन, हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर, रजिस्टरों तथा फाइल कवरों पर विषय एवं सेवापंजी में प्रविष्टियां आदि महत्वपूर्ण मदों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रक ''विद्युत प्रभा'' का विमोचन किया एवं अपने कर कमलों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया । बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष सर्वश्री अरुण कुमार मुख?य प्रशासनिक अधिकारी[ आशुतोष, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, ए.बी. सरन, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, हरीश गुप्ता, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, वी.के. गर्ग, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, डी.के.गुप्ता, प्रमुख वित्त सलाहकार (भण्डार), अमिताभ शर्मा, उपमहाप्रबंधक/ मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, एस.के. मिश्रा, सचिव/ महाप्रबंधक ने भाग लिया तथा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से परियोजनाओं के मुख्य परियोजना निदेशक तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं कोर मुख्यालय के सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) भी वेबेक्स के माध्यम से शामिल हुए। बैठक का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य. सचिव श्रीमती सुनीला यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एस.एस. सिंह ने किया।

## विजय मिश्र के पहले से सील मकान को नहीं गिरा सकती है पीडीए, गैंगस्टर कोर्ट ने लगाई रोक

**प्रयागराज।** गैंगस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश ने स्थानीय निकाय एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण को आदेश दिया है कि इस अदालत की अनुमति के बिना एवं मामले का निस्तारण होने के पूर्व प्रार्थिनी रामलली के बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम अल्लापुर के दोनों मकान के किसी भी हिस्से को ध्वस्त न किया जाए।यह आदेश गैंगस्टर कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार शुक्ला ने प्रार्थिनी और अभियोजन के अधिवक्ता को सुन कर दिया है। अदालत ने कहा कि विचारणीय वाद में उपरोक्त संपत्ति निहित है, जो कि न्यायालय के अधीन सील की गई है। इस संपत्ति को रिलीज करने की कार्यवाही विचाराधीन है। हाईकोर्ट ने रिलीज मामले को तीन माह के भीतर निस्तारित करने का आदेश जनवरी 2020 में दिया है। यदि संपत्ति ध्वस्त कर दी जाएगी तो यह उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन होगा। ऐसी स्थिति में उपरोक्त संपत्ति के ध्वस्त किए जाने से रोका जाना आवश्यक है। गैंगेस्टर कोर्ट में राम लली मिश्र ने यह प्रार्थना पत्र राज्य बनाम विजय मिश्र धारा 2/ 3 गैंगेस्टर एक्ट, थाना सिविल लाइंस, वर्ष 2003 के मुकदमे में विजय कुमार मिश्र की ओर से वर्ष 2017 में दिए गए रिलीज प्रार्थना पत्र की सुनवाई के मामले में प्रस्तुत किया है।

राम लली मिश्र की ओर से कहा गया है कि मकान नंबर 1/2 एवं 13/16 बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम, अल्लापुर इलाहाबाद उनकी संपत्ति है। इसमें विजय कुमार मिश्र का कोई हक और कब्जा नहीं है। इस संपत्ति को नाजायज तरीके से गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत सीज कर दिया गया है, जो कि न्यायालय के अधीन है व न्यायालय के कब्जे में है। इस संपत्ति को जिला प्रशासन, विकास प्राधिकरण ध्वस्त करना चाहता है।

मकान को मानचित्र के विपरीत निर्माण होना बताकर विकास प्राधिकरण ध्वस्त करना चाहता है जबकि, वह स्वयं मकान के उस हिस्से को तोड़ना चाहती हैं, जो मानचित्र के विपरीत निर्माण किया जाना बताया जाता है।

## बिजली चोरी की शिकायत पर पीटा, मुकदमा दर्ज

**करछना।** तीन दिन पूर्व थाना क्षेत्र के संजई गांव में एक युवक चोरी से बिजली का तार जोडकर बिजली का उपभोग करने से मना किया तो मारपीट कर चार लोगों को घायल कर दिया।गांव निवासी पीड़ित चन्द्रकांत पाण्डेय पुत्र अयोध्या प्रसाद के परिवार का प्रचीर पाड़ेय अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर लाठी ड़डे से पीटकर लहूलुहान कर दिया।उस बीच पास पडोस के लोगों ने बीच बचाव करने पहुंचे लोगों को भी धमकिया दी।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने लवकुश, गौरव, प्रचीर पाडेय व बिम्मी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में माघ मेला के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**आयोजित होने वाले माघ मेला में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा के लिए रहे पुख्ता इंतजाम**

**आयोजित होने वाले मेले में कोविड-19 के मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु रहे समुचित व्यवस्था**

**प्रमुख सचिव ने आयोजित होने वाले मेला क्षेत्र का भ्रमण कर वस्तुस्थिति की ली जानकारी**

**प्रयागराज।** प्रमुख सचिव नगर विकास दीपक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में माघ मेला 2020-21 के आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रमुख सचिव ने विद्युत विभाग, पीडब्लूडी विभाग, जल निगम, स्वास्थ्य, सिंचाई, पुलिस विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को माघ मेला के सकुशल एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को अपनी कार्ययोजना में अनिवार्य रूप से शामिल किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक के प्रारम्भ में जिलाधिकारी- भानु चन्द्र गोस्वामी के द्वारा पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से मेले के आयोजन हेतु बनायी गयी प्रस्तावित कार्ययोजना के सम्बंध में विस्तार से बिंदुवार जानकारी दी गयी। उन्होंने मेले में पाण्टुन पुलों के निर्माण, सेक्टर, विद्युत व्यवस्था, मेला क्षेत्र में चकर्ड प्लेट से बनने वाली सड़कों, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, सेनेटाइजेशन, घाटों के निर्माण, गंगा नदी के कटान को रोकने हेतु सिंचाई विभाग द्वारा बनाये जाने वाले बाड़, वैरीकेटिंग, जेटी की व्यवस्था सहित मेले के आयोजन हेतु अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों से उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यों तथा उनसे सम्बंधित समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मण्डलायुक्त



बैठक की अध्यक्षता करते प्रमुख सचिव

आर0 रमेश कुमार एवं आईजी-कवीन्द्र प्रताप सिंह ने भी मेले के आयोजन को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में आवश्यक सुझाव दिए।

प्रमुख सचिव ने मेला आयोजन से सम्बंधित सभी विभागों के अधिकारियों से उनकी कार्ययोजना के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि मेला आयोजन में मूलभूत आवश्यकताओं/सुविधाओं में कोई कमी न होने पाये। उन्होंने मेला क्षेत्र में कोविड-19 के मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम हेतु आवश्यक तैयारियों के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहने पाये। उन्होंने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु भी पुख्ता इंतजाम किए जाने के लिए कहा है।

बैठक के बाद प्रमुख सचिव ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लगने वाले माघ मेला क्षेत्र में बनने वाले पाण्टुन पुलों के स्थलों, गंगा जी के कटान वाले स्थानों, बिजली, सड़क सहित अन्य की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## अब सीबीसीआइडी करेगी बीएचयू के लापता छात्र की तलाश

**प्रयागराज।** बीएचयू में बीएससी के छात्र शिवकुमार त्रिवेदी की तलाश अब सीबीसीआइडी करेगी। छात्र वाराणसी के लंका थाना से कुछ महीने पहले लापता हुआ है। अधिवक्ता सौरभ तिवारी की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाजिर एएसपी वाराणसी विकास चंद्र त्रिपाठी ने कोर्ट को बताया कि अथक प्रयास के बावजूद पुलिस लापता छात्र की तलाश करने में नाकाम रही है। इससे राज्य सरकार ने विवेचना सीबीसीआइडी को सौंपने का निर्णय लिया है। सरकार ने 29 अक्टूबर को उक्त मामले में डायरेक्टर जनरल को पत्र भेज दिया है। इस पर कोर्ट ने पांच जनवरी 2021 को प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर व न्यायमूर्ति पीके श्रीवास्तव की खंडपीठ ने सौरभ तिवारी की जनहित याचिका पर दिया है। छात्र को लंका थाना पुलिस विश्वविद्यालय परिसर से पूछताछ के लिए ले गयी थी। उसके बाद से मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के निवासी शिव कुमार त्रिवेदी लापता है। पुलिस का कहना है कि उसने छोड़ दिया था।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज गुरुवार, 5 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### ससुराली जनों से पीड़ित विवाहिता ने पुलिस कप्तान से की शिकायत

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी बेल्हा निवासी सोनी यादव की शादी इलाहाबाद के धूमनगंज थाना क्षेत्र में 6 वर्षो पूर्व हुई थी शादी के कुछ दिन बाद विवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा इसी बीच मारपीट कर विवाहिता को भगा दिया दिया मामला अदालत पहुंचा है आरोप है कि कुछ दिनों पूर्व विवाहिता के पति और नंदोई विवाहिता के मायके बेल्हा आए थे और विवाहिता के साथ मारपीट और अभद्रता की है विवाहिता के साथ तमाम तरह के जुल्म किए गए हैं जिसकी फरियाद लेकर पुलिस कप्तान कार्यालय में उसने तहरीर दी है।

### अग्निकांड घटना की फायर ब्रिगेड से नहीं मिल रही रपट

**कौशांबी।** क्षेत्राधिकारी मंझनपुर को दिए शिकायती पत्र में पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र की मित्तल सरोज ने कहा है कि 28 अक्टूबर की शाम को उसके घर में अचानक आग लग गई थी जिससे उसके घर में रखा भूसा छत्तीस हजार रुपये और दरवाजा छप्पर आग की घटना में जलकर राख हो गया था पीड़िता ने कहा कि मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई है उसका कहना है कि आग लगने और आग बुझाने की वह अग्निशमन विभाग से रपट चाहती है लेकिन बार-बार जाने के बाद उसे अग्निशमन विभाग से रपट नहीं मिल सकी है

### छीनी गई टीवीएस गाड़ी का दो महीने बाद लगा सुराग

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में महमूद पुत्र मुर्तजा निवासी हिसामपुर थाना करारी ने बताया कि 9 सितंबर को वह बाजार से अपने घर जा रहा था तभी तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोककर टीवीएस विक्की गाड़ी छीन लिया था उसका कहना है कि उसकी गाड़ी उसकी पत्नी रहीना बेगम के नाम है पीड़ित ने बताया कि मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी लेकिन दो महीने से खुलासा नहीं हो रहा था इसी बीच उसे अपने सूत्रों से पता चला है की दमद का पुरवा गांव में उसकी गाड़ी खड़ी है रघु को आरोपी बताते हुए पुलिस कप्तान को तहरीर देकर महमूद ने कहा है कि उसकी गाड़ी बरामद कराई जाए और घटना को अंजाम देने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

## मां गंगा हमारी जीवनधारा है : मुख्य विकास अधिकारी

### गंगा दिवस के अवसर पर मिनी मैराथन दौड़ एवं जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतापगढ़।** गंगा महोत्सव के दौरान गंगा सफाई, वृक्षारोपण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं गंगा आरती आदि का आयोजन किया गया। गंगा महोत्सव के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आज 05 किमी0 मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसे मुख्य चिकित्साधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जिसमें कुल 120 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता विकास भवन से प्रारम्भ होकर जिलाधिकारी आवास तत्पश्चात राजापाल टंकी होते हुये क्षेत्रीय विकास संस्थान अफीम कोठी तक आयोजित की गयी। दौड़ प्रतियोगिता में शाहरूख खान प्रथम, शादाब खान को द्वितीय तथा सत्येन्द्र यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय द्वारा ट्राफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस



हरी झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना करते

अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि माँ गंगा हमारी जीवनधारा है। उसके पावन पवित्र छाया में रहकर हम अपने जीवन को धन्य बना रहे है। मुख्य विकास अधिकारी ने युवा प्रतियोगियो का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि हम मध्यम श्रेणी का जीवन जीने वाले लोग है ऐसे में उचित शिक्षा ही हमारे जीवन का आधार बन सकती है, हमें कड़ी मेहनत के साथ अपने विकास के लिये आगे बढ़ना चाहिये। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला युवा समन्वयक राम गोपाल चैहान ने युवाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि उन्हें कड़ी मेहनत एवं दूरदृष्टि के साथ आगे बढ़ने की अपील की और कहा कि नेहरू युवा केन्द्र की गतिविधियों से जुड़कर अपने चारित्रिक एवं मानसिक विकास के लिये आगे आये।इसी प्रकार अफीम कोठी के सभागार में गंगा दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बहुत सारे विद्यालयों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में विजयी टीम को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है और उनके मानसिक स्तर में वृद्धि होती है, इस तरह के कार्यक्रमों को विद्यालयों में कराये जाने चाहिये ताकि बच्चों को एक प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम का संचालन डा0 मोहम्मद अनीस द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद, प्राचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान शिव प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## अपाचे सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर मैजिक चालक से की लूट

**कटरा गुलाब सिंह।** थाना क्षेत्र के पूरे मोतीलाल गॉव का निवासी प्रधान पुत्र रवि पटेल बीती शाम करीब सात बजे अपना वाहन मैजिक डाला लेकर घर आ रहा था।कटरा गुलाब सिंह चैकी क्षेत्र के नागापुर गॉव के पास अपाचे बाइक सवार तीन युवकों ने असलहा दिखाकर उसे रोक लिया और उसको मारपीट कर ग्यारह सौ पच्चास रुपए छीन कर भाग गए। शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी भी दिया।जानकारी मिलते ही रवि पटेल के पिता केदार पटेल ने फोन करके पुलिस को सूचना दिया।और छिनैती करने वाले क्षेत्र के ही तीन युवकों के विरुद्ध नामजद प्रार्थना पत्र भी दिया है।जानकारी मिली है कि घटना को अंजाम देने वाले युवक जेठवारा थाने के टॉप टेन अपराधी और उसके साथी हैं,जो आये दिन क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं कारित करते रहते हैं।फिलहाल जेठवारा पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### उड़ाई बाइक, केस

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित स्टेट बैंक के सामने से अज्ञात चोर ने बाइक उडा ली। पीडित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के जलालपुर अमांवा निवासी धीरेन्द्र तिवारी बीती इक्तीस अक्टूबर को बैंक गया था। शाम चार बजे जब वह बैंक शाखा से बाहर निकला तो अपनी बाइक नदारद देख आवाक रह गया। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मंगलवार की रात बाइक चोरी का केस दर्ज किया है।

### काट ले गये जबरिया बांस, एसडीएम से शिकायत

**प्रतापगढ़।** कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद विपक्षियो ने पीडित की बांस की कोठ से पचीस हजार कीमती हरे बांस काट लिये। पीडित ने नुकसान को लेकर एसडीएम से इंसाफ की गुहार की है। जेठवारा थाना के सतनापुर सिंधौर निवासी अशोक कुमार दुबे ने एसडीएम को बुधवार को शिकायती पत्र देकर कहा है कि भूमि विवाद को लेकर सक्षम न्यायालय ने स्थगन आदेश पारित किया है। इसके बावजूद दबंग विपक्षियों ने बीती एक नवंबर को पीडित की बांस की कोठ से जबरन हरे बांस काटकर उठा ले गये। दस आरोपियो ने पीडित के मना करने पर उसे जानलेवा धमकी भी दी। एसडीएम राम नारायण ने जेठवारा थानाध्यक्ष को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये है।

## भरत मिलाप दृश्य देखकर भाव विभोर हुए दर्शक

**सेतापुर,प्रतापगढ़।** श्री आदर्श रामलीला समिति द्वारा प्राथमिक विद्यालय के बगल खेली जा रही रामलीला के सातवें दिवस में कलाकारों द्वारा सुमंत विलाप, दशरथ परलोक गमन और चित्रकूट में राम- भरत मिलाप के भावपूर्ण रुला देने वाले अभिनय को देखकर दर्शकों की आंखे आंसुओं से नम हो गईं। महाराज दशरथ के मरण के बाद ननिहाल से भरत शत्रुघ्न वापस आते हैं। कैकेयी एवं मन्थरा को अपशब्द कहते हुए गुरु वशिष्ठ एवं तीनों माताओं व मंत्री सुमन्त के साथ राम को मनाने चित्रकूट पहुंचे। जहां पर राम और भरत के भाव विभोर करने वाले अभिनय को देखकर दर्शकों की आंखे नम हो गईं। इस से पहले समिति द्वारा दशर्कों की सुविधा लिए स्म्क स्क्रीन लगवाई गईं थी। आर एस एस के पदाधिकारियों द्वारा भारत माता एवं नौं देवियों की आरती के बाद सातवें दिवस के मंचन की भव्य शुरूआत हुई। समिति के मीडिया प्रभारी विकास पाण्डेय एवं प्रबन्धक प्रवीण योगी ने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं


रामलीला मंचन का भावपूर्ण दृश्य।

सोशल मीडिया के सभी क्रांतिकारी साथियों को इस रामलीला की कवरेज कर ऐतिहासिक बनाने के लिए सबका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह रामलीला फेसबुक लाइव के माध्यम से पूरे विश्व मे देखी ही नही जा रही है बल्कि डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से लोग रामलीला समिति के कोष में लोग दिल खोलकर दान भी कर रहे हैं। अब तक सऊदी अरब, चेन्नई, हरियाणा, दिल्ली से लोग ऑनलाइन दान कर चुके हैं। 7 नवम्बर को रामलीला के समापन के अवसर पर एक कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। जिसमें अवधी सम्राट निर्झर प्रतापगढ़ी, मीरा तिवारी, डॉ. अशोक अग्रहरि प्रतापगढ़ी एवं स्थानीय कवि एवं पत्रकार आदर्श जायसवाल अपनी गीत और कविताएँ प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही 7 नवम्बर को समापन के अवसर पर दीपोत्सव, लवकुश कांड, मेला, सम्मान समारोह के साथ इस चतुर्थ संस्करण की रामलीला का भव्य समापन होगा।

## किशोरी के अपहरण को लेकर सीओ को दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** आरोपी युवक द्वारा किशोरी को बहलाफुसलाकर एक लाख नकदी तथा घर के जेवरात समेत अपहरण को लेकर पीडित ने सीओ को तहरीर दी है। कोतवाली के तेजगढ़ मिसिरमऊ निवासी गंगाप्रसाद मिश्र ने सीओ जगमोहन से मिलकर दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती एक नवंबर की रात आठ बजे उसके गांव का ही आरोपी युवक उसकी सत्रह वषीर्या बेटी मोहिनी को बहलाफुसलाकर अपहत कर ले गया। आरोपी के साथ गई बेटी द्वारा घर मे महिलाओ के जेवरात तथा शादी के लिए एकत्रित किये गये एक लाख रुपए भी लेकर निकली है। पीडित ने आरोपी के परिवार से शिकायत की तो आरोपी के परिजनों ने उसे गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। सीओ ने कोतवाली पुलिस को घटना को लेकर केस दर्ज कर खुलासे के निर्देश दिये है।



राजकीय उ.मा. विद्यालय में बच्चों ने गंगा स्वच्छता को लेकर निकाली जागरूकता रैली।

## बच्चों ने निकाली जारूकता रैली

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उ. म. विद्यालय सरायआनादेव के शिक्षक व जर्मनी की संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय पहल श्गंगा बॉक्सश के मास्टर फेसिलिटेटर अनिल कुमार निलय के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों द्वारा गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। इसके पूर्व बच्चों को स्वच्छता शपथ दिलाया गया व श्हमारी गंगा, हमारा गौरवश नाम से एक प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मान पत्र दिया गया। शिक्षक अनिल कुमार ने कहा कि इस अभियान को जनांदोलन में बदलने की जरूरत है। जागरूक विद्यार्थी समाज के सभी वर्गों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

जिस प्रकार जर्मनी की राइन नदी को जनांदोलन द्वारा पुनर्जीवित किया गया जल्द ही गंगा नदी के लिए चलाए जा रहे अभियान द्वारा गंगा को पूर्णतः स्वच्छ बनाया जा सकेगा।

## गंगा हाफ मैराथन प्रतियोगिता रैली को डीएम एसपी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

### प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को किया गया सम्मानित

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिनन्दन ने बुधवार को गंगा दिवस कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अवसर पर प्रातः 8:00 बजे से ओसा चौराहे से प्रारम्भ होकर स्पोर्ट्स स्टेडियम टेंवा में समाप्त होने वाली गंगा हाफ मैराथन प्रतियोगिता को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के साथ.साथ सामाजिक रूप से प्रासंगिक कारणों में लोगों की भागेदारी सुनिश्चित करना तथा गंगा नदी को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है। गंगा दिवस के अवसर पर विधायक मंझनपुर लाल बहादुर स्पोर्ट्स स्टेडियम टेंवा में पहुंकर बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते


गंगा हाफ मैराथन रैली प्रतियोगिता का झण्डी दिखाकर रवाना करते डीएम व एसपी

हुए कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य होते है मेहनत और लगन से आप सभी लोग इसी तरह के प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहें और अपने जनपद व देश का नाम रोशन करें। विधायक ने बताया कि गंगा दिवस का मुख्य उद्देश्य नदियों गंगा के किनारे स्थित गांवो एवं गंगा के घाटों को स्वच्छ रखना है। गंगा दिवस के अवसर पर जनपद में नदियों गंगा घाटों एवं गंगा के किनारे स्थित गांवो को स्वच्छ रखने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम पेन्टिंग ड्राइंग प्रतियोगिता क्विज संकल्प एवं वाद.विवाद प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। `इस अवसर पर विधायक ने गंगा हाफ मैराथन में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाडियों को प्रमाण पत्र मैडल एवं पुरस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले बलराम बेरूई ग्राम रक्सवारा द्वितीय स्थान पाने वाले आदित्य कुमार ग्राम सिंगरहा एवं तृतीय स्थान पाने वालों में संजय कुमार ग्राम रक्सवारा रहे। इसी तरह से बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाली अनामिका देवी ग्राम अलवारा द्वितीय स्थान पाने वाली पूजा राजपूत एवं तृतीय स्थान पाने वाली ममता देवी रहीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी कहा कि इसी तरह के आयोजनों में प्रतिभाग करते हुए अपने जनपद एवं देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी उपजिलाधिकारी मंझनपुर राजेश चन्द्रा जिला पंचायत राज अधिकारी गोपाल ओझा एवं जिला क्रीडा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण एवं बालक व बालिका सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## जेवरात हड़प जाने का स्वर्ण व्यापारी पर आरोप

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दीवर गांव का एक सोने चांदी का व्यापारी इन दिनों सुर्खियों में है लोगों को नकली जेवर देकर उनकी लाखों की रकम हड़प लेना अब तो सोना चांदी के व्यापारी की आदत भी बन गई है अब तक दर्जनों लोगों ने उसके कारनामों को लेकर चर्चा की है फिर इसी बीच मंझनपुर कोतवाली के गौरा गांव निवासी कल्लू पासी पुत्र दुज्जे ने मंझनपुर कोतवाली में दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि दीवर गांव के अंकुश सोनी गुड्डू सोनी आदि से उसने बेटी की शादी के लिए अंगूठी आदि जेवरात लिया था उसका कहना की अंगूठी का नाप ठीक ना होने से उसे फिर से अंगूठी वापस दे करन ठीक करने को कहा था पीड़ित कल्लू पासी का कहना है कि सोने की अंगूठी दुबारा सोने के व्यापारियों को दे दी है और जब उनसे अपनी अंगूठी मांगी जा रही है तो वह गाली गलौज व मारपीट पर आमादा होते हैं इसके पहले भी देवकली के साथ इन्हीं व्यापारियों ने लाखों लेकर नकली सोने के जेवर दे दिए थे इस मामले में इन व्यापारियों के विरूद्ध मुकदमा भी दर्ज है।

## डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण


जिला अस्पताल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने बुधवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने ओपीडी कक्षों सहित चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो एवं कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने डॉक्टरों को ओपीडी में समय से बैठने एवं मरीजों को सही ढंग से देखने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने मरीजों को दवायें बाहर से न लिखने एवं मरीजों को अस्पताल से ही दवा मुहैया कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने अस्पताल में भर्ती मरीजों को सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने वहां पर साफ.सफाई को निरन्तर क्रियाशील बनाये रखने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 दीपक सेठ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दर्जनों शस्त्र धारियों ने मुख्यालय में जमाया डेरा

### किराएदार के आने पर उनकी जांच किए जाने का शासन ने जारी किया है निर्देश

**कौशांबी।** पुलिस महकमे के नियम के अनुसार नगर गांव में कोई बाहरी व्यक्ति किराए पर रहता है तो उसकी जानकारी मकान मालिक के द्वारा पुलिस थाने को देनी होगी यही स्थिति पुलिस कानून के भी है यदि कोई बाहरी व्यक्ति थाना क्षेत्र में आकर रहता है या क्षेत्र छोड़कर जाता है तो बीट सिपाही द्वारा फर्द आ और फर्द बा थाने में दाखिल किये जाने का नियम लागू किया गया है। लेकिन मंझनपुर कोतवाली में ना तो मकान मालिकों द्वारा बाहरी किरायेदारों की सूचना दी जाती है और ना ही कोतवाली के सिपाहियों द्वारा फर्द आ में जानकारी थाने में उपलब्ध कराई जाती है जिससे नगर या गांव क्षेत्र में कितने बाहरी लोगों ने कहा डेरा जमा रखा है इसकी लिखित जानकारी पुलिस महकमे के पास नहीं होती है। इन दिनों जनपद मुख्यालय में गैर प्रांतों के सशस्त्र असलहाधारियों दर्जनों लोगों ने एक किराए के घर में डेरा जमा रखा है गैर प्रांतों से जनपद मुख्यालय मंझनपुर में सशस्त्र असला धारियों के डेरा जमाये जाने की जानकारी शायद प्रशासन तक नहीं है इस मामले की जानकारी से मकान मालिक ने भी पुलिस महकमे को सूचित नहीं किया है दूसरे प्रांतों से आने वाले इन सशस्त्र अपराधियों की अंतर प्रांतीय स्तर चरित्र कैसा है पुलिस अभिलेखों में इनकी साख कैसी है इन मामलों में इनकी अभी तक जांच नहीं हुई है कि इनके चरित्र उन प्रांतों के पुलिस थानों के अभिलेखों में क्या दर्ज हैं हैं। दूसरे क्षेत्र को छोड़कर जीविकोपार्जन के लिए आने वाले गरीब लोगों की किराए के घर में रहने वाले इस तरह के लोगों की जांच करने के लिए पुलिस बेताब रहती है और संगठन बनाकर दर्जनों असला धारियों के गैंग के सदस्यों के जनपद मुख्यालय में आगमन की जानकारी पर अभी तक बीट के सिपाही भी और इस मामले की उच्चाधिकारियों द्वारा अभी तक जांच नहीं कराई गई है अपराधियों का जनपद मुख्यालय में डेरा डालने का क्या मकसद हो सकता है और इन्होंने नियम विरुद्ध किसी बड़ी घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए तो पुलिस इनको कहां ढूंढेगी।

## रामपुर खास के लिए मैने व मेरे परिवार ने सदैव समर्पण किया है: रत्ना

**प्रतापगढ़।** आदि गुरु शंकराचार्य सेवा ट्रस्ट के द्वितीय स्थापना दिवस पर आयोजित आध्यात्मिक एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रुप मे पहुंची पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने उपस्थित समुदाय को प्रणाम करते हुए समाज हित मे सदैव समर्पित रहते हुए जन कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने की बात कही । साथ ही उन्होने कार्यक्रम के आयोजक एंव संस्थान के संस्थापक कमलेश गिरि को कार्यक्रम को आयोजित कर सनातन धर्म से प्रति लोगों के आस्था को बरकरार रखने के लिए बधाई दिया । कार्यक्रम के दौरान उन्होने अपने उद्बोधन मे कहा कि रामपुर मेरा घर अपने पैतृक घर पर कार्यक्रम मे पहुँचकर अपने लोगों का स्वागत करना मेरे लिए सौभाग्य की बात, क्षेत्र के सुख


आध्यात्मिक एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रुप मे पहुंची पूर्व सांसद रत्ना सिंह

दुख मे सदैव समर्पित रही हूं और रहूंगी, मैने व मेरे परिवार ने सदैव इस पवित्र मिट्टी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया है। कालाकांकर के राजा लाल प्रताप सिंह और इस परिवार के वीर जनों ने चांदा में अंग्रेजों से इस पवित्र मिट्टी को बचाने के लिए युद्ध लड़ गए थे जिसमें राजा लालप्रताप सिंह के साथ कई लोग लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। राजकुमारी रत्ना सिंह से चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि पुत्र युवराज भुवन्यू सिंह परिवार जनों के बीच मिलने वाले स्नेह प्रेम से आह्लादित हैं। वह रामपुरखास परिवार के किसी भी प्रयोजन में शामिल होने के मौके को जाया नहीं जाने देते। पूर्व सांसद के साथ बात करते क्षेत्रीय जन ने कहा युवराज द्वारा सुख दुःख में भागीदार बनकर परिवार को अपनत्व देना, जरूरतमन्दो के मदद करना, कोविड -19के खतरों के बीच भी सबके लिये लगातार सक्रिय रहते मदद करना,उन्हें अपने पूर्वजों के राह पर चलते हुए एक संस्कारी युवा और वीर योद्धा के रूप में प्रदर्शित कर रहा है जो युवाओं को प्रेरित करेगा। गर्व होता है कि वह अपने कुल के परम्परा को तल्लीनता से निर्वहन कर रहे हैं।